हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 116 देहरादून, शुक्रवार, 27 अक्टूबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सूबे में 16 एआरटी क्लीनिक व 5 एआरटी बैंक पंजीकृत : डॉ धन सिंह रावत

3

# मुख्यमंत्री धामी का चेन्नई में सुपरहिट रोड शो

## उत्तराखंड और तमिल संगम को आगे बढ़ाया जाएगा : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चेन्नई , 27 अक्टूबर , उत्तराखण्ड में आगामी दिसंबर माह में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर चेन्नई में आयोजित रोड शो में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री धामी ने इस दौरान विभिन्न सेक्टर्स से जुड़े निवेशकों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री श्री धामी के साथ चेन्नई रोड शो में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने चेन्नई में आयोजित रोड शो में आए विभिन्न समूहों के निवेशकों को दिसंबर में देहरादून में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि तमिलनाडु और उत्तराखंड में आध्यात्मिक रूप से परस्पर संबंध है। तमिलनाडु में रामेश्वरम और उत्तराखण्ड में श्री केदारनाथ और आदि कैलाश विश्व प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव के तमिलनाडु में रामेश्वरम और उत्तराखंड में श्री केदारनाथ ज्योतिर्लिंग विद्यमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड और तमिल संगमम को आगे बढ़ाया जाएगा।उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ फ़ूड प्रोसेसिंग, ऑटो कम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे अनेकों क्षेत्रों में निवेश की अपार संम्भावनाएं हैं। पीस टू प्रोसपेरिटी के मूल मंत्र के साथ उत्तराखंड निवेश अनुकूल राज्य है।






इसके लिए सरकार द्वारा उत्कृष्ट मानव श्रम, बेहतर अवस्थापना सुविधायें, शान्तिपूर्ण वातावरण, पारदर्शी प्रोत्साहन नीतियां स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के पारम्परिक क्षेत्रों जैसे पर्यटन, आयुष, वेलनेस, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाईल्स, फार्मा के साथ-साथ वैकल्पिक ऊर्जा और आईटी जैसे क्षेत्र को फोकस सेक्टर के रुप में शामिल किया है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक आयोजित रोड शो में देश एवं विदेशों से निवेशकों द्वारा बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होने कहा कि निजी क्षेत्र के साथ मजबूत सम्बन्ध बनाने एवं साझेदारी स्थापित करने से ही हम राज्य में आर्थिक प्रगति एवं रोजगार के अवसरों के सृजन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं, यही कारण है कि उत्तराखण्ड में प्रदेश सरकार ने उद्योगों के साथ बेहतर सम्बन्ध एवं तालमेल बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को इन्वेस्टर्स फ्रेंडली बनाने के लिए विगत कुछ माह में 30 से अधिक नीतियों में रिफॉर्म किया गया है।


उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की थीम को "पीस टू प्रोस्पेरिटी" रखा गया है। टूरिज्म, वेलनेस और हॉस्पिटेलिटी इंडस्ट्री के साथ-साथ उत्तराखण्ड में अनेक नए एवं गैर परंपरागत उद्योगों को विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड, देश के प्रमुख फार्मा हब के रूप में स्थापित हो रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज , कैबिनेट मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा ने अपना वक्तव्य रखा।

# उत्तराखंड में बर्फबारी के आसार 5 जिलों में बिगड़ेगा मौसम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 27 अक्टूबर : उत्तराखंड में ठंड ने दस्तक दे दी है। चारधाम समेत आसपास के क्षेत्रों में न्यूनतम पारा शून्य से नीचे बना हुआ है और अधिकतम पारे में भी गिरावट आ रही है। पहाड़ों पर ठिठुरन बढ़ने लगी है। बीते दिनों यहां बर्फबारी हुई, जिसका असर अब तक महसूस किया जा रहा है। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा और हिमपात के आसार हैं। जबकि, निचले क्षेत्रों में आंशिक तौर पर बादल छाये रह सकते हैं। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में आंशिक से लेकर पूर्ण रूप से बादल छाए रह सकते हैं। मौसम के इस बदलाव से अब तापमान में और गिरावट आएगी। देहरादून समेत आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों सुबह-शाम ठंडक बढ़ गई है। बीते दिन देहरादून में सुबह से ही आंशिक बादलों के बीच धूप की आंख-मिचौली चलती रही। शाम को हवा चलने से ठिठुरन बढ़ गई।उधर, पहाड़ों में कहीं-कहीं घने बादलों के बीच हल्की बूंदाबांदी भी हुई, जिससे कंपकंपी बढ़ गई है। चारधाम यात्रा भी अपने अंतिम चरण में है। केदारनाथ धाम में इन दिनों बर्फ की चादर नजर आ रही है। यहां आने वाले लोगों को





कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। जल्द ही चार धाम के कपाट बंद हो जाएंगे, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग चार धाम के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। बदलता मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां लेकर आता है, इसलिए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने की गंगोत्री मंदिर और गंगा तट पर पूजा-अर्चना

देहरादून। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सपत्नीक गंगोत्री धाम के दर्शन कर गंगोत्री मंदिर एवं गंगा तट पर पूजा अर्चना कर राष्ट्र के उत्थान एवं लोक कल्याण की कामना की। इस दौरान डा. सुदेश धनखड़ और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) भी मौजूद रहे।

उपराष्ट्रपति के गंगोत्री आगमन पर तीर्थ पुरोहितों एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों तथा स्थानीय निवासियों ने उपराष्ट्रपति का परंपरागत तरीके से स्वागत किया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ एवं उनकी पत्नी ने गंगोत्री मंदिर के दर्शन कर विशेष पूजन और अभिषेक कर गंगा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी के साथ उन्होंने राज्यपाल के साथ गंगा तट पर जाकर पूजन कर देश की प्रगति व लोक मंगल की कामना की। उपराष्ट्रपति गंगोत्री हिमालय क्षेत्र के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य और देवनदी गंगा की अविरल और निर्मल धारा के दर्शन से काफी अभिभूत दिखे। इस दौरान राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को इस सीमांत क्षेत्र की विशिष्टताओं से भी अवगत कराया। गंगोत्री धाम में पांच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष रावल हरीश सेमवाल, सुरेश सेमवाल, महेश सेमवाल, संजीव सेमवाल, मुकेश, मनु, कमलनयन,




माधव सेमवाल आदि तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न करवाई।

उपराष्ट्रपति के आगमन पर जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला एवं क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान के द्वारा स्मृति चिन्ह, शॉल एवं स्थानीय उत्पाद तथा हर्षिल क्षेत्र का प्रसिद्ध सेब भेंट किया गया।

# आवारा कुत्ते के काटने पर मौत का कौन जिम्मेदार ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 अक्टूबर , वाघ बकरी टी ग्रुप के कार्यकारी निदेशक पराग देसाई की रविवार को मृत्यु हो गई, एक सप्ताह बाद वह अहमदाबाद में अपने घर के बाहर उन पर हमला करने वाले सड़क के कुत्तों को बचाने की कोशिश में घायल हो गए थे. गिरने के बाद उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और रविवार को ब्रेन हैमरेज के कारण अहमदाबाद के एक अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई. यह पहली बार नहीं है कि आवारा कुत्तों ने बच्चों और किसी सीनियर नागरिक जैसे कमजोर वर्ग के लोगों की मृत्यु हुई है या उनकी मौत का कारण बने हैं. हाल के वर्षों में पालतू जानवरों द्वारा इंसानों पर हमला करने की ऐसी कई घटनाएं भी खबरों में रही हैं.



**आवारा कुत्तों की आबादी और कुत्ते के काटने के मामले?**

रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 1 करोड़ से ज्यादा पालतू कुत्ते हैं, जबकि आवारा कुत्तों की आबादी करीब 3.5 करोड़ है. नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि 2019 में देश में कुत्तों के काटने के 4,146 मामले सामने आए, जिससे मानव की मृत्यु हुई. एक अलग डेटा से पता चलता है कि 2019 के बाद से देश में कुत्तों के काटने के 1.5 करोड़ से अधिक मामले देखे गए. उत्तर प्रदेश में 27.52 लाख मामलों के साथ सबसे अधिक घटनाएं देखी गईं, इसके बाद तमिलनाडु (20.7 लाख) और महाराष्ट्र (15.75 लाख) का स्थान है.

**आवारा कुत्तों के हमले के लिए कौन जिम्मेदार?**

आवारा कुत्ते पागल, आहत, भूखे हो सकते हैं, या अपने पिल्लों की रक्षा कर सकते हैं. ऐसे मामलों में उकसाए जाने या खतरा महसूस होने पर कुत्ते हमला कर सकते हैं. इसके अलावा, कुछ मामलों में आवारा कुत्तों की मौजूदगी से कुत्ते के काटने, रेबीज और लगातार भौंकने की समस्या हो सकती है. आवारा कुत्तों के हमले सरकार और पशु कल्याण संगठनों की लापरवाही सहित कई कारकों का परिणाम हैं. सरकार आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी उपाय लागू करने में विफल रही है. पशु कल्याण संगठनों और नागरिक समाज समूहों का रवैया उदासीन और उपेक्षित रहा है. आवारा जानवरों की देखभाल करने वाले मुट्ठी भर व्यक्तियों को अक्सर अविश्वसनीय उपहास और प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है.

**कानून क्या कहता है?**

कानून के मुताबिक, सड़कों से कुत्ते को हटाना गैरकानूनी है और कुत्तों को भगाया नहीं जा सकता. इसलिए एक बार जब कोई कुत्ता सड़कों पर होता है, तो उसे गोद लिए जाने तक वहां रहने का अधिकार होता है. 2001 से भारत में कुत्तों की हत्या पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 2008 में मुंबई उच्च न्यायालय के फैसले को निलंबित कर दिया, जिसमें नगरपालिका को ₹उपद्रव पैदा करने वालेः कुत्तों को मारने की अनुमति दी गई थी.

भारतीय संविधान के आर्टिकल 51A(G) में कहा गया है कि वन्यजीवों की रक्षा करना और सभी जीवित प्राणियों के प्रति दया रखना भारत के प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है. आवारा कुत्तों को खाना खिलाना किसी भी समाज के भीतर और बाहर दोनों जगह कानूनी है. सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें निवासियों को अपने आवासीय क्षेत्रों में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति दी गई थी.

# अजब-गजब : यहां मेहमानों को जीभ दिखाकर करते हैं स्वागत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 अक्टूबर : दुनिया में कई संस्कृतियां और समाज हैं। सबके अपने-अपने रीति-रिवाज और रहन-सहन के तरीके होते हैं। एक संस्कृति में जो अच्छा माना जाता है उसे दूसरे में अपमानजनक माना जाता है। हालांकि हर एक के अपने तरीके होते हैं, जिन्हें जानना और समझना बेहद दिलचस्प होता है। स्वागत करने वाली ऐसी ही कुछ अजीबोगरीब परंपराओं के बारे में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।

हमारे देश में बड़ों से मिलने के लिए एक निश्चित दूरी से ही उनका अभिवादन किया जाता है या उनके पैर छुए जाते हैं, लेकिन फ्रांस और यूक्रेन में उन्हें डबल और ट्रिपल किस देकर अभिवादन किया जाता है। एक देश ऐसा भी है जहां मेहमान को देखते ही लोग नाचने-कूदने लगते हैं। जब किसी देश में उनकी जुबान दिखाई जाती है।

केन्या में रहने वाले मासाई आदिवासी समुदाय के बारे में आपने कई अजीबोगरीब परंपराएं सुनी होंगी। उनके मेहमानों का स्वागत करने का तरीका भी थोड़ा अलग है। ये लोग मेहमानों को देखते ही डांस करने लगते हैं. मेहमानों के स्वागत के लिए एक विशेष प्रकार का आदमू नृत्य किया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि इस लोक नृत्य को करते समय लोग ऊंची से ऊंची छलांग लगाते हैं।

भारत के पड़ोसी देशों में से एक तिब्बत में जब लोग घर में मेहमानों को आते देखते हैं तो अपनी जीभ बाहर निकालते हैं। भाई हमारे देश में इसे जीभ चिढ़ाना कहते हैं, लेकिन अगर आप तिब्बत जाएं तो कंफ्यूज न हों, वहां ये इज्जत की निशानी है। यह तिब्बत में अभिवादन की परंपरा है। जब भी लोग एक-दूसरे से मिलते हैं तो जीभ निकालकर उनका अभिवादन करते हैं। कहा जाता है कि यहां यह परंपरा 9वीं शताब्दी से चली आ रही है। राजा रंग धर्म ने इस प्रथा को जन्म दिया और तब से यह जारी है।

ग्रीनलैंड में मेहमानों से मिलते समय नाक आपस में रगड़ी जाती है, जिसे कुणिक कहा जाता है। कुनिक एक औपचारिक अभिवादन है। इसके अलावा वे एक-दूसरे के गालों और बालों को भी सूंघते हैं। इतना ही नहीं, तवालु का ओशिनिया देश मेहमानों के चेहरे के करीब आकर और उनकी खुशबू सूंघकर उनका स्वागत करता है। इसे सोगी कहते हैं।



# कौन काट सकता है चालान, जानें सड़क पर क्या हैं आपके अधिकार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 अक्टूबर , सड़क पर गाड़ी चलाते हुए कई तरह की चीजों का खयाल रखना होता है, फिर आप बाइक चला रहे हों या फिर कार... ट्रैफिक के सभी नियमों का आपको पालन करना जरूरी है. कोई अगर सड़क पर किसी ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करता है तो उसे इसके लिए जुर्माना या सजा भी भुगतनी पड़ सकती है. इसके लिए अलग-अलग जगहों पर ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात रहते हैं, जो किसी भी गलती पर आपको पकड़ सकते हैं और चालान कर सकते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका चालान करने का अधिकार किस रैंक तक के अधिकारी को होता है?

**कौन काट सकता है चालान?**

दरअसल कोई भी कॉन्स्टेबल रैंक का सिपाही आपका चालान नहीं काट सकता है. आपकी कार या बाइक को रोकने का अधिकार तो कॉन्स्टेबल को है, लेकिन वो चालान करने के लिए अधिकृत नहीं होते हैं. कोई हेड कॉन्स्टेबल या फिर उससे ऊंची रैंक का ही पुलिस अधिकारी आपका चालान कर सकता है. हेड कॉन्स्टेबल सिर्फ 100 रुपये का चालान कर सकता है. इसके अलावा ट्रैफिक पुलिसकर्मी ही आपका चालान कर सकता है, नॉर्मल पुलिस आपकी गाड़ी का चालान नहीं करती है.

**क्या हैं आपके अधिकार?**

अगर आपको पुलिसकर्मी पर शक है तो ऐसे में आप विनम्रता से उन्हें अपना आईडी कार्ड दिखाने के लिए भी कह सकते हैं. चालान करने वाले अधिकारी के पास ट्रैफिक चालान बुक या फिर ई-ट्रैफिक चालान मशीन होनी चाहिए. अगर आपने कोई गलती नहीं की है तो डरें नहीं और आराम से अपने कागज अधिकारी को दिखाएं. चालान होने के बाद उसकी रसीद आप जरूर ले लें, इसके अलावा अगर आपका लाइसेंस जब्त किया गया है तो इसकी रसीद भी लें.



# सूबे में 16 एआरटी क्लीनिक व 5 एआरटी बैंक पंजीकृत : डॉ धन सिंह रावत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 27 अक्टूबर , राज्य में सहायता प्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी अधिनियम-2021 व 2022 तथा सरोगेसी विनियम (अधिनियम) 2021 व 2022 के तहत लेवल-1 स्तर के दो एआरटी क्लिनिक तथा लेवल-2 स्तर के 14 एआरटी क्लिनिक व 05 एआरटी बैंकों का पंजीकरण किया गया है। इन एआरटी क्लिनिक व बैंकों में गर्भधारण से संबंधित समस्याओं को नई तकनीकियों के माध्यम से दूर किया जा सकेगा। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों के परामर्श से एआरटी अथवा सरोगेसी विधि से गर्भधारण को लेकर उचित परामर्श व उपचार भी दिया जायेगा। प्रदेश में एआरटी व सरोगेसी एक्ट का उल्लंघन करने वाले चिकित्सालयों के खिलाफ सख्ती कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

सूबे में निःसंतान दम्पतियों के चेहरों पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने प्रदेश में एआरटी क्लिनिक व एआरटी बैंकी स्थापना को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी कर भारत सरकार द्वारा तय मानकों के आधार पर एआरटी चिकित्सालयों के पंजीकरण निर्गत कर दिये हैं। प्रदेश में अब तक सहायता प्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी अधिनियम-2021 व 2022 तथा सरोगेसी विनियम (अधिनियम) 2021 व 2022 के तहत लेवल-1 स्तर के दो एआरटी क्लिनिक तथा लेवल-2 स्तर के 14 एआरटी क्लिनिक व 05 एआरटी बैंकों का पंजीकरण किया जा चुका है।

जिसमें लेवल-02 के अंतर्गत एआरटी क्लिनिक में आईवीएफ सेंटर एम्स .ऋषिकेश, काला फर्टिलिटी एंड लेप्रोस्कोपी सेंटर देहरादून, रेवती नर्सिंग होम देहरादून, केयर आईवीएफ यूनिट देहरादून, इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल प्रा.लि. देहरादून, श्रीमहंत इंद्रेश हॉस्पिटल आईवीएफ सेंटर देहरादून, सुरभि हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर ऊधमसिंह नगर, फुटेला फर्टिलिटी सेंटर ऊधमसिंह नगर, द मेडिसिटी ऊधमसिंह नगर, निदान फर्टिलिटी क्लीनिक ऊधमसिंह नगर, जेनेसिस आईवीएफ देहरादून, नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी देहरादून, उत्तरांचल टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर हरिद्वार, आशीर्वाद हेल्थकेयर एंड फर्टिलिटी सेंटर हरिद्वार पंजीकृत हैं।

लेवल-1 के तहत एआरटी क्लिनिक में लूथरा मेटरनिटी एंड इनफर्टिलिटी सेंटर देहरादून व सिनर्जी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस देहरादून शामिल है। इसी प्रकार प्रदेश में एआरटी बैंकों के लिये आईवीएफ सेंटर एम्स ऋषिकेश, इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल प्रा.ली. देहरादून, फुटेला फर्टिलिटी सेंटर ऊधमसिंह नगर, निदान फर्टिलिटी क्लीनिक ऊधमसिंह नगर, जेनेसिस आईवीएफ देहरादून का पंजीकरण किया गया है। प्रदेश में इन सभी एआरटी क्लिनिक एवं बैंकों के संचालन से गर्भधारण से जुडी समस्याओं का निदान आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किया जा सकेगा। इसके अलावा चिकित्सालयों द्वारा लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के साथ-साथ शिकायतों का भी निवारण किया जायेगा। राज्य के अंतर्गत गैर पंजीकृत ऐसे चिकित्सालयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी जो एआरटी एवं सरोगेसी विधि से लोगों का उपचार अवैध रूप से कर रहे हैं।



चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का कहना है कि राज्य में ए.आर.टी. क्लिनिक व बैंकों की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। कोई भी व्यक्ति राज्य में पंजीकृत एआरटी चिकित्सालयों में ए.आर.टी. एवं सरोगेसी विधि से गर्भधारण हेतु विशेषज्ञ चिकित्साकों से उपचार एवं परामर्श ले सकता है। ऐसे एआरटी सेंटर जो बिना पंजीकरण के ए.आर.टी. व सरोगेसी विधि से लोगों का उपचार कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तीन दिवसीय थोक बाजार विश्व संघ सम्मेलन में कृषि मंत्री ने किया प्रतिभाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मेक्सिको 27 अक्टूबर। प्रदेश के कृषि मंत्री एवं भारत के राज्यों के कृषि विपणन बोर्ड के राष्ट्रीय संघ कौसाम्ब के अध्यक्ष गणेश जोशी ने मेक्सिको के कनकुन में थोक बाजार के वैश्विक संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय थोक बाजारों का विश्व संघ सम्मेलन 2023 में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से भी भेंट की। थोक बाजार के विश्व संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में खाद्य बाजार का भविष्य उपभोक्ताओं की अपेक्षानुरूप, थोक एवं फुटकर बाजार का आधुनिकीकरण वर्ष 2030 तक, विषय पर कनकुन, मैक्सिको में 25 से 28 अक्टूबर तक आयोजित सम्मेलन में विश्व के विभिन्न देशों के 300 प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



सुबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विश्व के प्रतिनिधियों से कृषि विपणन के आधुनीकिरण क सम्बन्ध में विचार साझा किए गए। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के बाद वैश्विक स्तर पर लोगों का विश्वास भारत पर बढ़ा है। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि विपणन के सम्बन्धित 165 देश के प्रतिनिधि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्यक्रम में आए हैं और सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया है। मंत्री जोशी ने कहा इस राष्ट्रीय सम्मेलन से जो मंथन निकलकर आएगा, वह निश्चित ही वैश्विक स्तर पर एक मिल का पत्थर साबित होगा। कृषि मंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट के लिए भी प्रदेश में कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र में रुचि रखने वाले विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों को उत्तराखंड आने का न्योता दिया गया है। जिस पर जर्मनी, अर्जेंटीना, मेक्सिको और यूएस के लोगों ने उत्तराखंड में निवेश करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। उन्होंने कहा जिस प्रकार प्रदेश में धामी सरकार इन्वेस्टर्स को निवेश के लिए एक अच्छा वातावरण दे रही है, उससे दिसंबर माह में आयोजित होने वाले इन्वेस्टर सबमिट के लिए भी यह एक सफल पहल होगी।



सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आज आधुनिकीकरण का जमाना है, डिजिटल का युग है आज हमारे देश एवं प्रदेश में लगभग सभी मंडियां ई-नाम से जुड़ चुकी है। मंत्री ने कहा कि यहां से जो चीज निकल कर आएगी, उसे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों में साफ सफाई व्यवस्था बेहद आवश्यक है। मंत्री ने कहा इस सम्मेलन से लौटने के बाद वह सभी प्रदेषों के विपणन बोर्डो को पत्र लिखकर इस मॉडल पर कार्य करने का अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहस कि विकासशील देशों में थोक फल-सब्जी बाजार की कार्यप्रणाली के वास्तविक अनुभवों को राज्य एवं देश में थोक विपणन में विकास आयुक्त परिवर्तन किये जायेंगे ताकि कृषि उपज के विपणन को आधुनिक किया जा सके। इस अवसर पर कोसाम्ब के प्रबंध निदेशक डा0 जगवीर सिंह यादव और विपणन बोर्ड से सचिव विजय थपलियाल सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति के दौरे पर श्री बद्रीनाथ धाम की सुरक्षा में चमोली पुलिस अलर्ट





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली , 27 अक्टूबर , महामहिम उपराष्ट्रपति भारत सरकार के श्री बद्रीनाथ धाम आगमन पर सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को उच्चाधिकारियों द्वारा श्री बद्रीनाथ धाम एवं गौचर में ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। महामहिम उपराष्ट्रपति भारत सरकार जगदीप धनखड़ के जनपद चमोली के स्थान श्री बद्रीनाथ जी भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्मिक अनंत शंकर ताकवाले ,पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव द्वारा श्री बद्रीनाथ में व सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी प्रीति प्रियदर्शिनी द्वारा गौचर में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था में नियुक्त पुलिस बल एवं प्रशासन के उच्च अधिकारियों को ब्रीफ किया गया एवं महामहिम के भ्रमण से पूर्व ही समय रहते समस्त सुरक्षा/यातायात/पुलिस व्यवस्थायें सम्पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

ब्रीफिंग के दौरान महामहिम उपराष्ट्रपति, भारत के भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत किए गए सुरक्षा-प्रबंधों की समीक्षा की गई तथा वर्तमान सुरक्षा परिदृश्य के दृष्टिगत सभी अधिकारी/कर्मचारियों को सजग व सतर्क रहकर अपना कर्तव्य निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।

ब्रीफिंग के बाद महामहिम के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम में नियुक्त समस्त पुलिस फोर्स द्वारा अपनी अपनी ड्यूटी प्वाइंटों पर नियुक्त रहते हुए ड्यूटी को अंजाम देते हुए कार्यक्रम की रिहर्सल की गई एवं पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा इसका पर्यवेक्षण किया गया एवं रिहर्सल में जो भी कमियां पाई गई उसके संबंध में पुलिस फोर्स को पुनः ब्रीफ करते हुए महामहिम के भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल निर्विघ्न रुप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किए गए। ब्रीफिंग कार्यक्रम में ड्यूटी में नियुक्त समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस अधि./कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसएसजे परिसर में छात्र संघ चुनाव को लेकर सक्रिय हुए संभावित प्रत्याशी

अल्मोड़ा। एसएसजे परिसर में छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित होते ही चुनाव प्रचार तेज हो गया है। संभावित दावेदारों ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसके लिए चुनाव लडने के इच्छुक दावेदार और उनके समर्थक विद्यार्थी घर-घर जाकर संपर्क साधने में जुट गए हैं। एसएसजे परिसर अल्मोड़ा में खास तौर पर एबीवीपी, एनएसयूआई के साथ ही टाइगर ग्रुप भी सक्रिय है। दरअसल, प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालय में 7 नवंबर को छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित की गई है। ऐसे में विश्वविद्यालय और परिसर में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। संभावित दावेदार और उनके समर्थक पंफलेट के माध्यम से समर्थन जुटाते दिख रही हैं। वहीं नगर के विभिन्न मोहल्लों में भी दावेदार और उनके समर्थकों की सक्रियता दिखाने लगी है। सोशल मीडिया पर भी चुनावी प्रचार तेजी से शुरू हो गया है।

## जनकल्याणकारी योजनाओं में आवंटित धनराशि तेजी से खर्च करना सुनिश्चित करें

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला योजना, राज्य योजना एवं अन्य योजनाओं में आवंटित की गई धनराशि को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में तेजी से खर्च करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागों की जिला योजना, राज्य योजना, बाह्य सहायतित योजनाओं, तीस सूत्रीय कार्यक्रम तथा सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि अवमुक्त धनराशि को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में गुणवत्ता के साथ व्यय करना सुनिश्चित करें। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों को जो ग्राम पंचायतें निरीक्षण/भ्रमण हेतु आवंटित की गई हैं, उनका निरीक्षण/भ्रमण नियमित रूप से करें एवं उसकी रिपोर्ट भी ससमय उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि जो अधिकारी इस कार्य में शिथिलता बरतेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मुख्यमंत्री घोषणाओं की भी समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन घोषणाओं में कार्य अपूर्ण है, उन कार्यों में तेजी से कार्य किया जाए। साथ ही कहा कि जिन घोषणाओं में कार्य किया जाना संभव न हो तो संबंधित घोषणा के विलोपन हेतु शासन से पत्राचार किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रेनू भंडारी समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रंगारंग झांकियों के साथ कुमाऊं महोत्सव की शुरुआत

अल्मोड़ा। कुमाऊं महोत्सव 2023 का शुभारंभ नंदा देवी मंदिर परिसर से विभिन्न झांकियों के साथ हुआ। झांकियों में सरस्वती शिशु मंदिर जीवन धाम के बच्चों के घोष, दिशा अकैडमी के बच्चों के सुंदर नृत्य, पाईन वुड स्कूल के बच्चों की सुंदर प्रस्तुति, विवेकानंद इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों के घोष, जीजीआईसी की बालिकाओं एवं होली एंजेल स्कूल के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति तथा छोलिया नृत्य रहा। वहीं चौघानपाटा से साइकिल रैली एवं रन फॉर फन लाला बाजार, चौक बाजार, कारखाना बाजार, कचहरी बाजार, जौहरी बाजार, गंगोला मोहल्ला होते हुए मुरली मनोहर मंदिर पहुंचे। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर नंदा देवी मंदिर परिसर में वरिष्ठ रंगकर्मी कुमाऊं महोत्सव के संरक्षक अमरनाथ सिंह नेगी, महोत्सव की उद्घोषिका गीतम शर्मा, दीपक कुमार, शगुन त्यागी, हर्षिता तिवारी, लता तिवारी, गोविंद मेहरा, विजय मेहता, अतुल, चेतन पांडे, पंकज भगत, मुकेश मेहता, पुष्पा नेगी, प्रीति बिष्ट, चंद्रकला बिष्ट, दीप्ति रावत, रीता तिवारी, नीमा भाकुनी, आदि-आदि मौजूद रहे। चौघानपाटा में साइकिल रैली एवं रन फॉर फन के कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज तिवारी विधायक अल्मोड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

## कुमाऊंनी लेखन में उल्लेखनीय योगदान के लिए गिरीश चंद्र जोशी को किया जाएगा पुरस्कृत


अल्मोड़ा। इस वर्ष का 'विक्टोरिया क्रॉस कै. गजे घले पुरस्कार' गिरीश चंद्र जोशी को दिया जाएगा। यह पुरस्कार 'कुमाऊंनी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रचार समिति और 'पहरू' की ओर से आगामी 04, 05 व 06 नवंबर 2023 को पिथौरागढ़ में आयोजित 15वां 'राष्ट्रीय कुमाउनी भाषा सम्मेलन' में दिया जाएगा। पुरस्कार चयन समिति के सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श के बाद अल्मोड़ा निवासी गिरीश चंद्र जोशी को कुमाऊंनी लेखन में उल्लेखनीय योगदान के लिए चुना गया है। समिति सचिव डॉ. हयात सिंह रावत ने बताया की पुरस्कार के रूप में उन्हें पांच हजार एक सौ रूपये की नकद धनराशि, अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। गिरीश चंद्र जोशी अपनी मातृभाषा कुमाऊंनी में लेखन के क्षेत्र में कई सालों से सक्रिय हैं। हिंदी और कुमाऊंनी में एक समान लेखनी चलाने वाले गिरीश जोशी का कुमाऊंनी के प्रचार-प्रसार में विशेष योगदान है। वीर सैनिक विक्टोरिया क्रॉस कैप्टन गजे घले की स्मृति में वर्ष 2018 से कुमाऊंनी सैन्य पृष्ठभूमि में उल्लेखनीय कार्य के लिए हर वर्ष दिया जा रहा है। सम्मेलन संयोजक डॉ. अशोक पंत ने कुमाऊंनी भाषा प्रेमियों, रंगकर्मियों, रचनाकारों से सम्मेलन में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## रोडवेज को निजीकरण से बचाने पर दिया जोर

हल्द्वानी(आरएनएस)। हल्द्वानी बस स्टेशन स्थित रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के शाखा कार्यालय में गुरुवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह रावत ने की। संगठन के पदाधिकारियों ने परिवहन निगम को निजीकरण से बचाने पर चर्चा की। वहीं दिवाली से पहले कर्मचारियों को बोनस सहित अन्य भुगतान किए जाने की मांग की। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि परिवहन निगम को अपनी बसें खरीदकर चलानी चाहिए ताकि उसका निजीकरण रोका जा सके। निगम मुख्यालय पर जारी मृतक आश्रितों के धरना प्रदर्शन को पूर्ण समर्थन देते हुए निगम में जल्द नियुक्ति देने की बात कही। कर्मचारियों की वर्दी के लिए धनराशि, संविदा, विशिष्ट श्रेणी और संविदा कार्मिकों को निर्धारित समय पर वेतन दिए जाने, अनुबंधित ढाबे पर दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार, यात्रियों से ढाबे पर मनमानी रकम वसूले जाने पर रोक, शुलभ शौचालय पर यात्रियों से वसूली पर प्रतिबंध सहित कई मांगें उठाईं।

## थार के साथ स्टंट करना युवक को पड़ा गया भारी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 अक्टूबर : आजकल का समय सोशल मीडिया का हैं जहां हर कोई रातोरात स्टार बनने की चाहत में कुछ भी करने को तैयार हो जाता हैं। आपने सोशल मीडिया पर गाड़ियों के साथ स्टंट करते हुए लोगों के कई वीडियो देखे होंगे जिसमें कई बार वे हादसों का शिकार भी हो जाते है। ऐसा ही आज हम आपके लिए लेकर आए हैं जहां थार के साथ स्टंट करना युवक को भारी पड़ गया और उन्हें अस्पताल लेकर जाना पड़ा।फिल्मों में गजब के स्टंट को देखकर किसका मन नहीं करता कि वो भी ऐसा ही कुछ करे लेकिन फिल्मों में तो एक्टर्स बेहद ही सावधानी के साथ कोई भी स्टंट करते हैं। लेकिन आजकल के लोग बिना सोचे समझे ही स्टंट करना शुरू कर देते हैं। अब सामने आए इस फोटो को ही देख लीजिए जहां कुछ मजे-मजे स्टंट कर रहे थे लेकिन अंत में उनका ये स्टंट उन्हीं पर भारी पड़ गया।फोटो में देखा जा सकता है कि कई लोग एक थार पर बैठकर तेज रफ्तार से मैदान के गोल-गोल चक्कर लगा रहे हैं। एक-दो चक्कर तो आराम से कट जाते हैं लेकिन जैसे ही तीसरा चक्कर शुरू होता है। गाड़ी का संतुलन बिगड़ जाता है और उस पर बैठे सभी लोग बुरी तरीके से गिर जाते हैं। फोटो देखकर ऐसा लग रहा है कि इस हादसे में कई युवक घायल हो गए।

# विरासत महोत्सव में दिखेगी उत्तराखंड की संस्कृति की झलक

## कौलागढ़ रोड स्थित डॉ. भीम राव अंबेडकर स्टेडियम में 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक होंगे ऐतिहासिक कार्यक्रम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 अक्टूबर। रूरल एंटरप्रेन्योरशिप फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (रीच) द्वारा आयोजित विरासत कार्यक्रम में उत्तराखंड संस्कृति की झलक दिखेगी। बृहस्पतिवार को राजपुर रोड स्थित होटल मधुबन में हुई प्रेसवार्ता में आयोजकों ने यह जानकारी दी।संस्था रीच के संस्थापक व महासचिव आरके सिंह ने बताया कि 'विरासत - भारतीय और अंतरराष्ट्रीय लोक और शास्त्रीय नृत्य, संगीत, कला, शिल्प और भारत की व्यापक विरासत का जश्न मनाने वाला वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव है। कौलागढ़ रोड स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेडियम में महोत्सव का आगाज होगा। 27 अक्टूबर से एक पखवाड़े तक चलने वाले उत्सव का समापन 10 नवंबर को होगा। भारतीय परंपरा, सांस्कृति और विरासत को बनाए रखते हुए, महोत्सव में कारीगर और शिल्पकार इस मंच के माध्यम से अपनी लोक और शास्त्रीय कला का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य मंच विरासत विलेज उत्तराखंड की प्रतिष्ठित मंदिर वास्तुकला से प्रेरित है। यह भारतीय संस्कृति की सामंजस्यपूर्ण विविधता और एकता को उजागर करता है। रीच संस्था के वरिष्ठ सदस्य लोकेश ओहरी ने कहा ₹ 15 दिवसीय कार्यक्रमों में सुबह और दोपहर के समय में विरासत साधना शामिल होंगी। जो देहरादून के स्कूलों और कॉलेजों के युवा और उभरते कलाकारों के लिए एक मंच है, जो अपनी प्रतिभा का मंचन करेंगे, मास्टर कारीगरों द्वारा एक शिल्प कार्यशाला, विंटेज कार एवं बाइक रैली, विरासत प्रश्नोत्तरी, फोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम भी शामिल होंगे। वही केएल पांडेय और त्रिपुरारि शरण जैसे विशेषज्ञों द्वारा संगीत और साहित्य पर बातचीत भी आकर्षण का केंद्र होगा।




**विभिन्न राज्यों और कई देशों के कलाकार होंगे शामिल**

महोत्सव में उत्तराखंड, गुजरात, गोवा, नागालैंड और उत्तर प्रदेश राज्य के लोक नृत्य के साथ-साथ रूस और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के अंतर्राष्ट्रीय नृत्य रूप भी उन देशों के विभिन्न समूहों और कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे। लोक और सूफी संगीत, ग़ज़ल, हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत, साथ ही भरतनाट्यम और कथक जैसे नृत्य रूप और सरोद, तबला, बांसुरी, मैंडोलिन, वायलिन और पियानो पर प्रदर्शन के साथ वाद्य संगीत का भव्य कार्यक्रम होगा। तीन बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता भारतीय संगीतकार रिकी केज, पटियाला घराने की कौशिकी चक्रवर्ती, प्रतिष्ठित सूफी गायक वडालिस, मेवाती घराने के संजीव अभ्यंकर, प्रसिद्ध पंडितजी साजन मिश्रा, राधिका चोपड़ा की ग़ज़ल गायकी शामिल हैं। पंजाबी लोक कलाकार जसबीर जस्सी, राग निर्माता ब्रायन सिलास और कथक नर्तक शिंजिनी कुलकर्णी और कई अन्य कलाकार इस मंच से देहरादून के लोगो के लिए अपनी प्रस्तुति देंगे।

**प्रेसवार्ता में रहे मौजूद :**

एंटरप्रेन्योरशिप फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (रीच) कि ओर से जनरल सेक्रेटरी आर.के.सिंह, डायरेक्टर प्रोग्राम लोकेश ओहरी, ट्रस्टी हरीश अवल, ज्वाइंट सेक्रेटरी विजयश्री जोशी, मीडिया इंचार्ज प्रियंवदा अय्यर मौजूद रहे।

# यहां कब्रिस्तान में घूमने आते हैं लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 अक्टूबर : मरे हुए लोगों को दफ़नाने के लिए कब्रिस्तान ले जाया जाता हैं। ऐसे में लोग कब्रिस्तान जाने से डरते हैं और उसके आसपास भी फटकना पसंद नहीं करते हैं। लेकिन आज इस कड़ी में हम आपको एक ऐसे अनोखे कब्रिस्तान के बारे में बताने जा रहे हैं जहां जाने से डरने की बजाय लोग यहां आकर घूमना पसंद करते हैं। यह अजीबोगरीब कब्रिस्तान रोमानिया के मारा मरोश गांव में है, जिसे लोग मेरी सिमेट्री के नाम से जानते हैं। तो आइये जानते हैं आखिर क्या हैं इस कब्रिस्तान की खासियत।इस कब्रिस्तान में हर कब्र पर अलग-अलग प्रकार के चित्र बने हुए हैं, जो अपनी एक अलग कहानी बयां करते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि यहां हर कब्र के ऊपर लगे रंग-बिरंगे पत्थरों पर उस इंसान की जिंदगी के बारे में कहानियां लिखी हुई हैं, जिसकी वो कब्र है। साथ ही पत्थरों पर मृतक लोगों के चित्र भी बने हुए हैं।इस कब्रिस्तान में आने के बाद आप कब्र में दफ्न उस व्यक्ति के बारे में सबकुछ जान सकते हैं। जैसे कि उसकी मौत की वजह क्या थी, वह क्या काम करता था, यानी उसका पेशा क्या था। मारा मरोश गांव के ही रहने वाले एक कलाकार स्तान इओन पत्रास ने इस अजीबोगरीब या यूं कहें कि खूबसूरत कब्रिस्तान की कल्पना की थी। उन्होंने इस कब्रिस्तान की ऐसी रूप-रेखा बदली कि इसे देखने के लिए अब दूर-दूर से लोग आते हैं।



## श्रीनगर में भगवान राम की निकली भव्य झांकी

श्रीनगर गढ़वाल। श्री आदर्श रामलीला समिति श्रीनगर के तत्वावधान में 124 वर्षों से चली आ रही ऐतिहासिक रामलीला में पुरुषोत्तम राम के अयोध्या वापसी पर भव्य झांकी निकाली गई। इस मौके पर हनुमान मंदिर से नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची जहां झांकी का भव्य स्वागत किया गया। लीला में भरत मिलाप के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद राम और लक्ष्मण सीता के साथ पुष्पक विमान से वापस अयोध्या लौटते हैं। अयोध्या पहुंच कर राम सबसे पहले अपने अनुज भरत से भेंट करते हैं। बुधवार को हनुमान मंदिर से राम, लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न, सीता और हनुमान की भव्य झांकी मुख्य मार्गों से रामलीला मैदान पहुंची। जहां भगवान राम का भव्य स्वागत किया गया। पूजा अर्चना और आरती के बाद भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। रावण वध और लंका विजय के बाद जब राम, लक्ष्मण और सीता के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या वापस आते हैं। इस मौके पर श्री आदर्श रामलीला समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कैंतुरा, उपाध्यक्ष देवेंद्र मणि मिश्रा, सचिव दीपक उनियाल, सुजीत अग्रवाल, दिनेश असवाल, हरी प्रसाद उनियाल, बुद्धिबल्लभ उनियाल, जयदेव सडाना, टीसी थपलियाल, विपिन गौतम, ओपी गोदियाल, अतुल उनियाल,अमित असवाल, आकाश अग्रवाल, हिमांशु बहुगुणा, इंकुश आदि मौजूद थे।

## आर्यन छात्र संगठन ने फूंका छात्रावास अधीक्षक का पुतला

श्रीनगर गढ़वाल। बिड़ला परिसर के छात्र नेताओं पर हुए मुकदमों पर आर्यन छात्र संगठन ने गढ़वाल विश्वविद्यालय की महिला छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर छात्रों ने छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए झूठे मुकदमा लिखवाने की कड़े शब्दों में निंदा की। गुरुवार को पुतला दहन के दौरान पूर्व महासचिव प्रदीप रावत, देवकांत देवराडी, आकाश रतूडी और सम्राट राणा ने कहा कि छात्रावास वार्डन के द्वारा लगाये गये आरोप सरासर गलत है। कहा कि छात्र हितो से जुडी मांगों को दबाने को लेकर छात्रों पर झूठे मुकदमे लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसे किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## एसडीएम ने लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक किया

नई टिहरी। एसडीएम टिहरी और एआरटीओ ने बिना सीट बेल्ट और हेलमेट के चल रहे वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कहा भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नई टिहरी चंबा सडक़ मार्ग के बादशाहीथौल और चंबा में डीएम के निर्देश पर एसडीएम टिहरी संदीप कुमार और एआरटीओ सतेन्द्र राज ने गुरुवार को बिना हेलमेट के चल रहे टू व्हीलर तथा बिना सीट बेल्ट लगाये चल रहे कार चालकों को रोककर गुलाब का फूल भेंट किया और भविष्य में यातायात के नियमों का पूरी तहर से पालन करने के निर्देश दिये। एडीएम ने कहा समय समय पुलिस तथा अन्य माध्यमों से लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जाता है, बावजूद लोग यातायात के नियमों का पालन नहीं करते हैं। कहा इसके बाद भी कोई व्यक्ति यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हुये पकड़ा जाता है तो संबधिंत के खिलाफ चालानी कार्यवाही अमल में लाई जाऐगी।

# संक्षिप्त खबरें

## खो खो स्टेट चैंपियनशिप के लिये चयन 29 को

हरिद्वार। हरिद्वार में आयोजित होने वाली आगामी 18 और 19 नवंबर को अंडर-14 और अंडर-18 खो खो स्टेट चैंपियनशिप बालक बालिका वर्ग की जिला स्तरीय टीम का चयन 29 अक्टूबर को मुनिकीरेती के पूर्णानंद खेल मैदान में किया जाएगा। खेलो इंडिया सेंटर टिहरी के कोच मनीष गिरी गोस्वामी ने जानकारी देते हुये बताया कि नवंबर माह में राज्य स्तर पर 18 और 19 नवंबर को खो-खो स्टेट चैंपियनशिप का आयोजित होंगी। जिसके लिये टिहरी जिले से बालक और बालिका वर्ग की टीमें प्रतिभा करेंगी, जिसके लिये टीमों का चयन किया जाना है। बताया टीम में चयन हेतु प्रतिभागी को अपना जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा। बताया कि अंडर 14 कैटेगरी के लिए बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) 215 और अंडर 18 के लिए बीएमआई 250 से अधिक नहीं होना चाहिए। आयु की गणना अंडर 14 के लिए 17 दिसम्बर 2009 से तथा अंडर-18 के लिए 2006 से होगी।

## छात्र-छात्राओं व स्टाफ को आपदा प्रशिक्षण दिया

नई टिहरी। जनपद के भिलंगना ब्लॉक के जीआईसी घंडियालधार में गुरुवार को छात्र-छात्राओं सहित स्टाफ को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देते हुए आपदा से निपटने के गुर सिखाये। आपदा में सजग रहने की जानकारी भी दी गई। डीएम मयूर दीक्षित ने निर्देश पर जनपद के विभिन्न क्षेत्र के विद्यालयों में आपदा प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन विभाग की मदद से दिया जा रहा है। ताकि आपदा में लोग बेहतर बचाव कर सकें। इसी क्रम में जीआईसी घंडियालधार में आपदा प्रबंधन विभाग ने छात्र-छात्राओं व स्टाफ सहित कुल 85 लोगों को आपदा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन एवं अन्य महत्वपूर्ण जन-जागरूकता संबंधी जानकारियां भी दी गई। जिनमें आपदा, आपदा के प्रकार भूकम्प, भूस्खलन, त्वरित बाढ़, वनाग्नि सहित आपदा पूर्व-दौरान-पश्चात की जानकारी दी गई। खोज बचाव उपकरणों की जानकारी, आपातकालीन स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार की जानकारी के साथ राज्य व जनपद आपातकालीन केंद्र के टोल फ्री नम्बरों की जानकारी और विद्यालय परिसर के सुरक्षित स्थान एवं निकासी मार्गो की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह चौहान, अध्यापक हीरामणि भट्ट ने भी सभी छात्र-छात्राओ और उपस्थित कार्मिकों को संबोधित कर आपदा को लेकर सचेत रहने की अपील की।

## नैनबाग के जयद्वार में रासों और तांदी की धूम

नई टिहरी। नैनबाग के जयद्वार मल्ला गांव में भद्राज देवता के पूजन कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से अपने मायके आई ध्याणियों ने अपने कुल देवता को चांदी का ढोल भेंट कर सुख समृद्धि की मनौती मांगी। मंदिर समिति और ग्रामीणों की ओर से ध्याणियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। ग्रामीणों ने रात्रि जागरण में रासों और तांदी गीतों पर सामूहिक नृत्य भी किया। नैनबाग के जयद्वारा मल्ला गांव में आयोजित पूजन और रात्रि जागरण कार्यक्रम से पूर्व यमुना नदी के पवित्र जल में ग्रामीणों ने भद्राज देवता की डोली को स्नान करवाया, जिसके बाद देवता की डोली को दो दिनों के लिये मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखा गया। इस दौरान भद्राज देवता अपने पश्वा पर अवतरित हुये और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष सुनील पंवार, अजुर्न कुंवर, शरण सिंह, कीर्ति सिंह पंवार, अजुर्न पंवार, मेहर पंवार, मोहर सिंह पंवार, शरण सिंह, अनुप पंवार, गंभीर पंवार, आशीष पंवार, उपेंद्र पंवार, देशराज पंवार, ग्राम प्रधान दीपिका पंवार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बदरीनाथ हाईवे पर स्कूटी खाई में गिरने से युवक की मौत

नई टिहरी। ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर मुल्यागांव में एक स्कूटी गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में जेसीबी आपरेटर युवक की मृत्यु हो गयी, जबकि सेना में कार्यरत दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को बेस अस्पताल श्रीनगर में भर्ती कराया गया है। बीते बुधवार देर शाम मुल्या गांव में श्रीनगर से देवप्रयाग आ रहे स्कूटी सवार युवक मुल्या गांव के निकट गहरी खाई में गिर गए। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ तत्काल मौके पर पहुंचे। जहां टीम ने घायल युवक प्रदीप(32) पुत्र गौतम निवासी महड, देवप्रयाग को तुरंत खाई से निकालकर बेस अस्पताल श्रीनगर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी।

# 10 लाख रुपये मिले तो कौन नहीं घटाना चाहेगा अपना वजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 अक्टूबर : बढ़ता वजन आज के समय में कई लोगों की परेशानी बना हुआ हैं। कई लोग वजन घटाना चाहते हैं लेकिन इसके लिए मेहनत करने से कतराते हैं। लेकिन अगर उन्हें पैसों का लालच दिया जाए तो, जरूर वे इस बारे में सोच सकते हैं। इससे जुड़ा एक हैरान करने वाला मामला सामने आ रहा हैं जहां एक कंपनी अपने वर्कर्स को फिटनेस चेलेंज दे रही हैं और वजन घटाने पर 10 लाख रुपये भी दे रही हैं। ऐसा हो रहा हैं देश की सबसे बड़ी ब्रोकरेज फर्म जीरोधा में जिसके संस्थापक नितिन कामत ने इसके बारे में ऐलान किया हैं। बताया जा रहा है नितिन कामत की घोषणा के अनुसार जीरोधा के स्टाफ को वेट लॉस करने पर 10 लाख रुपये तक का इनाम मिल सकता है। आपको बता दें कि इससे पहले भी नतिनि कामत अपने स्टाफ के लिए फिटनेस चैलेंज की घोषणा कर चुके हैं।

स्टाफ की फिटनेस को ध्यान में रखते हुए जीरोधा ने एक बार फरि चैलेंज की घोषणा की है। जी हाँ और इस बार स्टाफ की सेहत संबंधी गतिविधियों की एक लंबी लस्टि शामिल है। खबरों के मुताबिक चैलेंज को पूरा करने वाले स्टाफ को इंसेंटिव के साथ ही 10 लाख रुपये का इनाम मिल सकता है। लेकिन ऐसा कसिी भी एक कर्मचारी के साथ ही होगा। जी दरअसल कामत ने ट्ववटिर पर लिखा, 'जीरोधा का अधिकतम स्टाफ WFH में हैं, लगातार बैठना अलग प्रकार की स्मोकिंग है, जो धीरे-धीरे महामारी में बदल रही है। कंपनी की तरफ से टीम के लिए जो कुछ भी किया जा रहा है, उससे उम्मीद है कि वे और उनका परिवार आगे बढ़ सकेंगे।

इसी के साथ उन्होंने एक और ट्वीट में कंपनी इनीशिएटिव के बारे में ऐलान कयिा। इसमें कामत ने लिखा, 'कोरोना के बाद शुरू में मेरा भी वजन बढ़ गया था। उसके बाद मैंने ट्रैकिंग शुरू की और खानपान में परहेज करने लगा। इसके बाद रोजाना 1000 कैलोरी बर्न करने का टारगेट बनाया और उस पर अमल कयिा।' जी दरअसल नितिन कामत ने कहा यह एक ऑप्शनल प्रोग्राम है, जिसमें कम से कम 350 कैलोरी रोजाना बर्न करना है।



# इन समस्याओं का शिकार बना सकती है विटामिन K की कमी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 अक्टूबर : सेहतमंद रहने के लिए शरीर में सभी तरह के विटामिन और मिनरल्स का होना बेहद जरूरी है। पोषक तत्वों से भरपूर आहार हमें स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। हालांकि, शरीर में किसी एक विटामिन की कमी भी आपको बीमार बना सकती है। विटामिन के इन्हीं पोषक तत्वों में से एक है, जिसकी कमी आपकी सेहत पर भारी पड़ सकती है। यह हमारे शरीर में कई तरह से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यही वजह है कि इसके महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हालांकि, कुछ वजहों से शरीर में इसकी कमी होने की वजह से लोग कई समस्याओं का शिकार होने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि शरीर में इसकी कमी को पहचान कर तुरंत इसे दूर किया जाए। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे शरीर में विटामिन के की कमी से दिखने वाले लक्षण और इससे होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में

क्या है विटामिन K और इसकी कमी के लक्षणविटामिन के सेहत के लिए बेहद अहम विटामिन है, जो हड्डियों, दिल और ब्रेन के सुचारू रूप से काम करने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही यह लिवर की समस्याओं और सिरोसिस से पीड़ित लोगों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में शरीर में इसकी कमी होने पर कई गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। आप इन लक्षणों से शरीर में विटामिन के की कमी का पता लगा सकते हैं। हल्की चोट लगने पर भी ज्यादा खून बहना , नाक से खून बहना महिलाओं में ज्यादा मासिक धर्म होना ,बोन डेन्सिटी कम हो जाना, जो ऑस्टियोपोरोसिस की वजह बन सकता है ,अक्सर जोड़ों और हड्डियों में दर्द होना ,छोटी चोट का बड़ा घाव बन जाना ,घाव का जल्द ठीक न होना ,नाखून के नीचे खून के छोटे-छोटे थक्के जमना ,मसूड़ों से खून आना ,उम्र से पहले दांत कमजोर हो जाना ,दांत-मसूढ़ों से जुड़ी समस्या होना , मसूड़ों या दांतों से खून निकलना

विटामिन के की कमी से होती हैं ये समस्याएं ,, विटामिन के हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी पोषक तत्व है। इसकी कमी शरीर में कई तरह की समस्याओं की वजह बन सकती हैं। अगर आपके शरीर में इस जरूरी पोषक तत्व की कमी है, तो आपको निम्न स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं- फेफड़ों के स्वास्थ्य में गिरावट ,क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) ,अस्थमा ,एलर्जिक ब्रोंकाइटिस ,किसी भी प्रकार की बीमारी, जिसमें फेफड़ों में घरघराहट हो ,फेफड़ों का खुलना कम हो जाना ,फेफड़ों की श्वसन क्रिया कम होना

इन फूड्स से करें विटामिन के की कमी पूरी ,हरी पत्तेदार सब्जियां ,सरसों का साग, पालक ,गेहूं, जौ ,मूली, चुकंदर ,लाल मिर्च ,केला ,अंकुरित अनाज ,रसदार फल ,अंडे ,मीट




# सीट बेल्ट लगाने पर ही खुलते है वाहनों के एयरबैग



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 अक्टूबर : अब नए मॉडल की जितनी भी गाड़ियां मार्केट में आ रही है, उन गाड़ियों में एयरबैग लगे हुए है। इसका फायदा कार चालक और उसमें सवार लोगों को तभी मिलता है, जब सीट बेल्ट बांधा गया हो और इसके अलावा गाड़ी के सामने किसी प्रकार का गार्ड नहीं लगा हो। तभी दुर्घटना के दौरान टकराने पर गाड़ी में लगा एयर बैग खुलता है।बे असर एयरबैग झटका पहले बार्स पर आता है। ऐसे में अगले हिस्से पर लगे सेंसर को गाड़ी टकराने का पता भी नहीं चलता।ऐसे में वे खुल नहीं पाते है। बंपर बोनट को यूं बनाया जाता है कि दुर्घटना में फोर्स इन पर आएगा। इसलिए गाड़ी हादसे होने के बाद सिकुड जाती है।


बंपर गार्ड होने पर पूरा फोर्स गाड़ी पर आ जाता है। अगला हिस्सा सॉफ्ट पैदल चलने वाले और टू व्हीलर्स को बंपर गार्ड से ज्यादा खतरा है। कार का अगला हिस्सा साफ्ट होता है, लेकिन गार्ड इसे खतरनाक बना देता है। सवारियों पर खतरा दुर्घटना में बुल बार्स गार्ड होने पर झटका वाहनों के चेचिस पर ज्यादा आता है। गाड़ी को नुकसान ज्यादा होता है। साथ ही सवारियों पर खतरा बढ़ जाता है।जानिए, क्यों लगाते हैं बुल बार्स और बंपर गार्ड ज्यादातर लोग गार्ड के सामने हिस्से में स्क्रेच न आए। इसलिए बंपर गार्ड लगा देते है। इसके अलावा छोटी-मोटी दुर्घटना हो तो उसमें भी सामने वाला हिस्सा बच जाए। इसलिए बंपर गार्ड लगवा देते है। ज्यादातर लोग गाड़ी को बचाने के हिसाब से ही बंपर गार्ड लगवा लेते है, लेकिन उन्हें इसके इफैक्ट पता नहीं है। आखिरकार अधिकतर दुर्घटनाओं में क्यों नहीं खुल पाते एयरबैग काम कैसे करते है : एयरबैग सेंसर कंट्रोल से जुड़े होते है। 60 से 80 किमी/घंटे की स्पीड से हादसा होने पर एयरबैग खुल जाते है।

टक्कर के बाद एयरबैग 200 किमी/ घंटे के रफ्तार से खुले जाता है, लेकिन यह स्पीड सेंसिटिव नहीं है।क्यों खुल नहीं पाते : सीट बैल्ट लगी होने की स्थिति में ही एयरबैग खुलते है। झटके के बाद एयरबैग ट्रीगर सेंसर होते है, लेकिन वाहनों पर गार्ड या बुल बार्स लगे होते है तो सेंसर भी उतनी तेजी के साथ काम नहीं कर पाता। क्योंकि झटका सेंसर तक नहीं पहुंच पाता। इंश्योरेंस का भी खतरा : अगर गार्ड होने की स्थिति में एयरबैग खुल भी जाए तो क्लेम अटक सकता है। क्योंकि आरटीओ से गार्ड और बुल बार्स एप्रुव नहीं है। इसके अलावा अब बैन होने के बाद से परेशानियां और भी बढ़ जाएगी।

# प्रिंस विपन बने टेबल टेनिस पैरा गेम्स के लिये जूरी मेंबर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 अक्तूबर। उत्तराखंड राज्य के लिए बड़ी हर्ष का विषय है कि प्रिंस विपन अंतर्राष्ट्रीय कोष तथा सचिव यू.के.टी.टी ए. का नामांकन नई दिल्ली में 14 से 17 दिसंबर तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया टेबल टेनिस पैरा गेम्स के लिए जूरी मेंबर्स के रूप में हुआ है। प्रिंस विपन टेबल टेनिस के लिए एक प्रसिद्ध नाम है। उनकी इस उपलब्धि पर यूकेटीटीए अध्यक्ष चेतन गुरुंग , अशोक वासु, चेयरमैन यूकेटीटीए केके शर्मा, आयोजन सचिव गिरीश मधवाल, कोषाध्यक्ष ने उनके जूरी मेंबर्स नामांकित होने पर बधाई दी।



# मांगों पर सहमति के बाद तालाबंदी स्थगित

कोटद्वार। कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति और प्रशासन के मध्य शहर की समस्याओं के समाधान की सहमति के बाद समिति का गुरुवार को नगर निगम में प्रस्तावित तालाबंदी और धरना कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। समिति संयोजक नागेंद्र उनियाल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी इला गिरि पौड़ी से कोटद्वार पहुंची और उनकी अध्यक्षता में समिति और नगर निगम अधिकारियों के बीच वार्ता हुई। बताया कि समिति की ओर से सडक़ों पर बेसहारा घूमते गो वंश को अन्यत्र शिफ्ट करने की बात को मुख्य रूप से उठाया गया। जिस पर निगम की ओर से बीस दिन के अंदर गो वंश को गोशालाओं में शिफ्ट करने की बात कही गई। सडक़ किनारे बनी पार्किंग को शुल्क मुक्त करने के सवाल पर सहायक नगर आयुक्त अजहर अली ने निगम में प्रस्ताव रखने की बात कही। शहर के सीवर ट्रीटमेंट और कूड़ा निस्तारण के लिए यूपी से भूमि लीज पर लेने के लिए एक नवंबर को नगर निगम बैठक में प्रस्ताव रखने सहित नगर क्षेत्र में जनता व व्यापारियों की सुविधा के लिए सुझाए गए स्थानों का प्रशासन की मौजूदगी में सर्वे करने सहित अन्य मांगों के निस्तारण पर भी सहमति बनी। वार्ता में प्रशासन की ओर से अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी और समिति की ओर से गोविंद डंडरियाल, विकास आर्य, गुड्डू चौहान, जेपी ध्यानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# 31 अक्तूबर से उत्तराखंड में होगा खेलों का महाकुंभ

■ मीडिया सेंटर में खेल मंत्री रेखा आर्य ने प्रेसवार्ता करते हुए दी जानकारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 अक्तूबर। उत्तराखंड में खेलों के महाकुंभ का आगाज 31 अक्तूबर से होगा। उत्तराखंड खेल मंत्री रेखा आर्य ने मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता करते हुए बताया यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में 31 अक्टूबर उत्तराखंड में कुमाऊं के हल्द्वानी के गोलापार स्टेडियम से खेल होंगे। जबकि कुंवरपुर न्याय पंचायत से इसका शुभारंभ उत्तराखंड के महामहिम राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह करेंगे। रेखा आर्य ने बताया कि यह शुभ संकेत भी दर्शाता है ग्राउंड लेवल पर न्याय पंचायत स्तर के खेल से इसकी शुरुआत होगी। जो ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, मंडल स्तर और राज्य स्तर तक प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होंने कहा कि हमने खेल महाकुंभ को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दिसंबर के अंत से लेकर जनवरी तक हमारी सारी प्रतियोगिताएं फाइनल हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि खेल महाकुंभ की तैयारी इस समय जोरों शोरों से चल रही है।



महाकुंभ खेलों की तैयारी के लिए संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, डीएसओ, डीओवीआरडी को वर्चुअल माध्यम से भी बजट की व्यवस्था दे दी गई है। प्रचार प्रसार के लिए गाइडलाइंस जारी कर दी गई है।

## संपादकीय

# फिर इंडिया बनाम भारत

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने सिफारिश की है कि पाठ्यक्रमों में 'इंडिया' की जगह 'भारत' शब्द का इस्तेमाल किया जाए। फिलहाल यह एक समिति की सोच और अनुशंसा तक ही सीमित है। संविधान के अनुच्छेद एक में 'इंडिया, जो भारत है' का उल्लेख है। अर्थात हमारे संविधान-निर्माताओं को दोनों ही शब्द स्वीकार्य थे और उन्हें परस्पर पूरक माना गया था। आजादी के 76 साल बाद भी एक वर्ग ऐसा है, जो इन दोनों शब्दों को परस्पर विरोधी मानता है। 'इंडिया' को औपनिवेशिक अवशेष मानता है। 'इंडिया' की व्याख्या यूनानी भाषा, उच्चारण, सिकंदर और सिन्धु घाटी की सभ्यता से जोड़ कर की जाती रही है। हमें इतने प्राचीन इतिहास, भाषा और उसके प्रभावों से क्या लेना-देना है? कब तक विदेशियों पर आश्रित रहेंगे हम? भारत एक स्वतंत्र, संप्रभु, लोकतांत्रिक राष्ट्र है, जिसका अपना सर्वसम्मत संविधान है। हमारा मानना है कि सभी विमर्श 1947 के बाद से ही किए जाएं। 'इंडिया' को 'भारत' करने की प्रक्रिया भी कोई संगठन या परिषद लागू नहीं कर सकती। उसके लिए संसद में संविधान संशोधन का प्रस्ताव पारित कराना होगा। यदि एनसीईआरटी हमारे स्वतंत्रता आंदोलन का सम्यक इतिहास छात्रों को पढ़ाना चाहती है, तो उसे 1857 से 1947 तक अलग-अलग खंडों में संकलित कराया जाए और उसे नए सिरे से लिखा जाए। यह बहुत व्यापक और थकाऊ कार्य है और इसके लिए पर्याप्त समय भी चाहिए। इस इतिहास-लेखन के संदर्भ में अंग्रेजी हुकूमत के कालखंड भी स्वयंमेव आ जाएंगे, लिहाजा 'एक पंथ, दो काज' किया जा सकता है। हमारा मानना है कि स्कूली पाठ्यक्रम के लिए सब कुछ सार-रूप में होना चाहिए। शेष और विस्तृत अध्ययन छात्र उच्च शिक्षा के दौरान, अपनी रुचि के मुताबिक, कर सकते हैं। प्राचीन काल, आदि काल, पाषाण काल, मुगल काल सरीखे अतीतों की लीक पीटते रहने का कोई औचित्य नहीं है। इन्हें विभिन्न इतिहासों के परिप्रेक्ष्य में शोधार्थियों के लिए छोड़ देना चाहिए। स्कूली छात्रों के कोमल मन को प्रदूषित नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे इतिहास को पढने से खटास और नफरत के अलावा कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है। 'इंडिया' बनाम 'भारत' का अभियान भी बेमानी है। ऐसा राष्ट्रवाद, हिन्दूवाद, हिन्दीवाद के मद्देनजर किया जा रहा है अथवा इसका कोई सांस्कृतिक महत्त्व भी है! बेशक हमारी जड़ें, हमारा परिचय और हमारी सांस्कृतिक विरासत 'भारत' में ही निहित है। विष्णु पुराण, ब्रह्मपुराण और कई प्राचीन, धार्मिक ग्रंथों में 'भारतम्' का उल्लेख मिलता है। लेकिन हमारे देश को 'आर्यावर्त', 'हिन्द', 'हिन्दुस्तान', 'भारतखंड', 'हिमवर्ष' आदि नामकरणों से भी संबोधित किया जाता रहा है। किसी को कोई आपत्ति भी नहीं है। 'भारत' के अलावा 'इंडिया' के साथ भी कई मिथकीय कथाएं जुड़ी हैं। इन्दुमती अयोध्या के राजा अज की पत्नी और दशरथ की माता थीं। जब राजा राम अयोध्या के सिंहासन पर बैठे, तो उनके कालखंड में दादी इन्दुमती का नाम भी प्रचलित था, जिसे आज हम 'इंडिया' कहते हैं। 'भारत' नाम राजा राम के छोटे भाई भरत के नाम पर पड़ा। किंवदन्ति यह भी है कि राजा दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र का नाम भी 'भरत' था। उन्हें ऋषि कण्व ने 'चक्रवर्ती सम्राट' बनने का आशीर्वाद दिया था, लिहाजा उनके आधार पर हम 'भारत' बने। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के 'चक्रवर्ती पुत्र' भरत विश्व-विजयी सम्राट थे, लिहाजा देश का नाम 'भारत' पड़ा। बहरहाल, दोनों शब्द प्रचलित हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## गेंहू बुवाई मे जुटे किसान

रुडक़ी। किसान गेहूं की बुवाई शुरू करने के साथ ही नई प्रजातियों के बीज के लिए कृषि केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। घाड़ क्षेत्र के किसानों ने गेंहू की अगेती फसल की बुवाई शुरू कर दी है। किसान नई प्रजाति के बीजों की खरीदारी कर रहे हैं। नागल पलुनी गांव निवासी सुशील कुमार ने बताया कि उन्होंने गेहूं की अगेती फसल की बुवाई के लिए तैयारी शुरू कर दी है। उत्तम किस्म का बीज मिलने के साथ ही बुवाई की जाएगी। रुहालकी दयालपुर गांव निवासी अनिल चौधरी ने बताया कि गेहूं की फसल की बुवाई की तैयारी में एक सप्ताह से जुटे हुए हैं। अभी कुछ खेतों में गेंहू की बुवाई कर दी है। बताया कि खेतों में पॉपुलर उगाया हुआ है।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी ने दुकानदार को पीटा

रुडक़ी। सिविल लाइन्स कोतवाली को सती मोहल्ला के दुकानदार सनी ने बताया कि गुरुवार दोपहर वह अपनी गाड़ी से चंद्रशेखर चौक स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचा था। लाइन में लगने के दौरान आगे खड़े ग्राहक को वहां से आगे बढने के लिए कहा। इस बीच पेट्रोल पंप कर्मचारी ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध पर उसने बिना कुछ कहे मारपीट कर घायल कर दिया। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि घायल ग्राहक की शिकायत पर पेट्रोल पंप कर्मचारी को मारपीट को लेकर हिरासत में लिया।

## अवैध पशु कटान के आरोप में दो के खिलाफ मुकदमा

रुडक़ी। अवैध पशु कटान की सुचना पर पुलिस ने छापेमारी कर एक बाइक के साथ उपकरण बरामद किए हैं। बीती रात गो संरक्षक स्क्वायड की टीम को सुचना मिली की क्षेत्र के सिकंदरपुर भैंसवाल गांव में अवैध कटान हो रहा है। पुलिस ने गांव के समीप एक बाग में छापेमारी कर मौके से संदिग्ध मांस और कटान के उपकरण, एक बाइक बरामद की। इस दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। भगवानपुर थाना प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## 28 अक्टूबर को निशुल्क औषधि खीर शिविर का आयोजन

रुडक़ी। शरद पूर्णिमा पर 28 अक्टूबर को रामेश्वर धाम फिरोजपुर की ओर से सुबह 7:30 बजे नगर निगम सभागार में निशुल्क औषधि खीर बांटी जाएगी। रामेश्वर धाम के अध्यक्ष वैद्य टेक वल्लभ ने बताया कि औषधि खीर आयुर्वेदिक दुर्लभ जड़ी बूटियों से निर्मित शास्त्रोक्त अनुभूत योग है। पैंतीस वर्षों से शरद पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा और मार्गशीर्ष की पूर्णिमा पर खीर का निशुल्क वितरण किया जाता है उनका दावा है कि औषधि खीर कफ, सांस, दमा, पुराना नजला, खांसी, सर दर्द, कान बहने आदि रोगों में लाभकारी है और इन रोगों से बचाव भी करती है।

## खानपुर में 29 अक्टूबर को लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

रुडक़ी। खानपुर के सरकारी अस्पताल में 29 अक्टूबर को विधायक उमेश कुमार के प्रयास से विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। इसमें विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच कर उनका उपचार करेंगे। डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि विधायक उमेश कुमार के सहयोग से लगाए जा रहे शिविर में सभी रोगों के चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। खानपुर में जुलाई और अगस्त में भारी बारिश से जलभराव और आपदा के हालात बने थे। फसलों के साथ ही लोगों के घरों में भी पानी घुस गया था और काफी नुकसान हुआ था। जलभराव के बाद जलजनित बीमारियों से लोग परेशान हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बसपा छोड़ गंगेश ने थामा आप का दामन

हरिद्वार। बसपा नेता गंगेश कुमार ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। पूर्व जिला अध्यक्ष संजय सैनी और पूर्व महानगर अध्यक्ष अनिल सती ने गंगेश कुमार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। गंगेश कुमार ने आरोप लगाया कि बसपा में कार्यकर्ताओं का कोई सम्मान नहीं है, बसपा धीरे-धीरे सिमटती जा रही है। संजय सैनी ने कहा कि आम आदमी पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। इस मौके पर राम प्रकाश कौशल काके, संजय गौतम, विशाल शर्मा, संजय वालिया आदि मौजूद रहे।

### जानलेवा हमला करने वाले को चार वर्ष की कैद

हरिद्वार। जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। तृतीय एडीजे अनिरुद्ध भट्ट ने युवक को दोषी पाते हुए चार साल का सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता कुशलपाल सिंह चौहान ने बताया कि शिकायतकर्ता राकेश कुमार वर्मा ने दो मई 2015 को जीआरपी लक्सर को लिखित शिकायत देकर केस दर्ज कराया था। शिकायत में बताया था कि वह एक मई 2015 को लक्सर बाजार से रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे पुल से होते हुए मोहल्ला सिमली, लक्सर अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते में करीब पौने नौ बजे रात में संजीव कुमार नामदेव ने अन्य के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के ऊपर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से वार किए थे। जिससे उसके सिर व हाथ के अलावा कई जगह पर चोटें आई थीं। पुलिस ने जांच के बाद संजीव के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। सरकारी पक्ष की ओर से आठ गवाहों के बयान दर्ज कराए गए थे।

### चोरी की योजना बना रहे पांच आरोपी धरे

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में चोरी की योजना बना रहे पांच आरोपी दबोच लिए गए, जिनके कब्जे से तीन आला नकब, पेंचकस, लोहे की आरी, ब्लेड बरामद हुआ। पुलिस ने सभी का संबंधित धारा में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अमरचंद शर्मा ने बताया कि गाड़ोवाली तिराहा से कुछ दूरी पर मार्केट के पीछे खाली भूखंड में मौजूद पांच युवक पकड़ लिए गए। उनके कब्जे से चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम शिवम निवासी छत्तरीवाला कुआं जगजीतपुर कनखल, संजय निवासी शनिदेव चौक जगजीतपुर, राजन निवासी गांव किशनपुर, सन्नी निवासी झंडा चौक शेखपुरा और दानिश निवासी कटारपुर निकट खाद्य गोदाम पथरी बताया।

### गुरुकुल परिसर में हुआ रन फॉर आयुर्वेदा प्रतियोगिता का आयोजन

हरिद्वार। उत्तराखंड आयुर्वेद विवि के गुरुकुल परिसर में रन फॉर आयुर्वेदा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों में प्रथम स्थान भव्य गोयल, द्वितीय स्थान विनय काला, तृतीय स्थान धर्मेंद्र ने और छात्राओं में प्रथम स्थान शालिनी सिंह, द्वितीय स्थान आयुषी प्रियाल और तृतीय स्थान नैनसी सागवान ने प्राप्त किया। शिक्षक संवर्ग में प्रथम स्थान डॉ. देवेश गोयल एवं डॉ. अदिति, द्वितीय स्थान प्रो. दिनेश गोयल एवं डॉ. शीतल वर्मा, कर्मचारी संवर्ग में प्रथम रोहित एवं द्वितीय अंकित कुमार ने हासिल किया। आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में गुरुकुल परिसर उत्तराखंड आयुर्वेद विवि में आयुर्वेद फॉर वन हेल्थ की श्रृंखला के अंतर्गत प्रतियोगिता रन फार आयुर्वेद कार्यक्रम का आज आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी और कार्यक्रम संयोजक प्रो. मीना आहूजा ने किया। कार्यक्रम में बीएएमएस स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया गया। इस दौरान पेंटिग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, श्रीधान्य (मिलेटस) व्यंजन प्रतियोगिता, जागरूकता शिविर, रोगियों हेतु चिकित्सा कैंप आदि कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धन्वंतरि जयंती के दिन प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन क्रीडा अध्यक्ष डॉ. मयंक भटकोटी ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो. गिर्राज प्रसाद गर्ग, प्रो. उत्तम कुमार शर्मा, प्रो. विपिन कुमार पांडेय, प्रो. अवधेश कुमार मिश्रा, डॉ. विपिन अरोड़ा, डॉ. शिखा पांडेय, डॉ. गरिमा, प्रशासनिक अधिकारी राहुल तिवारी, हरीश गुप्ता, वित्त अधिकारी पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रावण वध के बाद अयोध्या पहुंचे राम, भरत से हुआ मिलाप

हरिद्वार। रामलीला के मंच पर लंका विजय और असुरों का संहार करने के बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता का अयोध्या आगमन हुआ। मंच को अयोध्या नगरी के रूप में भव्य ढंग से सजाया गया। अयोध्या लौटने पर अयोध्या वासियों ने पुष्प वर्षा और आरती उतार कर भगवान राम का स्वागत किया। रावण दहन के बाद भरत मिलाप देखने के लिए लोगों का हुजूम रामलीलाओं में उमड़ पड़ा। लंका पर विजय के बाद अयोध्या लौटने पर राम और भरत के मिलन को देख श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। महिलाओं ने राम दरबार के कलाकारों की आरती उतारी। देर रात तक भजन-कीर्तन चलता रहा। भीमगोड़ा में श्रीराम नाट्य संस्थान के तत्वावधान में चल रही रामलीला में भरत मिलाप का मंचन किया गया। गंगाधर महादेव रेलवे फाटक के पास मिलाप का मंचन किया गया। इससे पहले राम भीमगोड़ा रामलीला मैदान से भीमगोड़ा, पंजाब सिंह क्षेत्र, खडख़ड़ी होते हुए श्रीराम रेलवे फाटक पर स्थित मंच पर पहुंचे। जहां पहले से ही भरत उनका इंतजार कर रहे थे। व्यापारी नेता सुनील सेठी, अमित जैन, यागिक वर्मा समेत अन्य लोगों ने राम परिवार का स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष रमेश गुप्ता, महामंत्री अशोक कुमार चौहान, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, डायरेक्टर हरीश भट्ट, लखन लाल चौहान, प्रमोद घिल्डियाल, सुशील कंडवाल, हरिमोहन वर्मा आदि मौजूद रहे।

### हरिद्वार से पवित्र माटी के कलश दून भेजे

हरिद्वार। प्रभारी जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने गुरुवार को 'मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अन्तर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों से एकत्रित पवित्र माटी के कलशों को विकास भवन रोशनाबाद से हरी झंडी दिखाकर देहरादून के लिये रवाना किया। जहां से विभिन्न क्षेत्रों की माटी के कलश समारोहपूर्वक दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित अमृत वाटिका पहुंचेंगे। 'मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत आयोजित इस कलश यात्रा का, विकास खण्ड बहादराबाद से साहिर, भगवानपुर से नीटू, खानपुर से शिवम राज सिंह, लक्सर से कृष्णपाल, नारसन से सुमित कुमार, रुडक़ी से शाहनवाज तथा इसी तरह नगर निगम हरिद्वार से अपराजिता, नगर निगम रुडक़ी से अरुण दीप, नगरपालिका परिषद मंगलौर से अंजली, भगवानपुर से विकास कुमार, शिवालिक नगर से प्रेरणा सैनी, लक्सर से भूपेन्द्र कुमार, पिरान कलियर से शुभि कुर्ला, नगर पंचायत लंढौरा से पंकज कुमार, झबरेड़ा से असिफ अली, पाडली गुर्जर से सागर, ढण्डेरा से निशान्त शर्मा, ईमलीखेड़ा से अराधना, रामपुर से अर्शिका, सुल्तानपुर आदमपुर से सौरभ कुमार अपने-अपने क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इससे पूर्व जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल कार्यालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। जिसमें सेंट थामस पब्लिक स्कूल नवोदय नगर की छात्राओं ने देश-भक्तिपरक विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर पीडी केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी प्रमोद पाण्डेय, जिला क्रीड़ाधिकारी शबाली गुरुंग, व्यायाम प्रशिक्षक युवा कल्याण विभाग मुकेश भट्ट, समीर आदि मौजूद थे।

# एसीएस राधा रतूड़ी ने इन्वेस्टर्स समिट के एमओयू की समीक्षा में दिए निर्देश

## निवेशकों के भूमि एवं आवास सम्बन्धित मामलों के त्वरित क्लीयरेन्स के लिए कमीशनर गढ़वाल और कुमाऊँ नोडल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 27 अक्टूबर , अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निवेशकों के भूमि एवं आवास सम्बन्धित मामलों के त्वरित क्लीयरेन्स के लिए कमीशनर गढ़वाल और कुमाऊँ को नोडल बनाने के निर्देश दिए हैं। कमीशनर गढ़वाल और कुमाऊँ लैण्ड क्लीयरेन्स सम्बन्धित मामलों की नियमित समीक्षा के साथ ही हर 15 दिन में इसकी रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री को देंगे। इसके साथ ही उन्होनें फॉरेस्ट तथा पोल्यूशन क्लीयरेन्स सम्बन्धित मामलों के लिए प्रमुख सचिव वन तथा फायर क्लीयरेन्स के लिए डीआईजी फायर को नोडल बनाने के निर्देश जारी किये हैं।

एसीएस ने प्रत्येक इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट के डेडिकेटेड फॉलोअप के लिए एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति के भी आदेश दिए हैं। यह नोडल अधिकारी उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु किये गए एमओयू के तहत हर प्रोजेक्ट का पटवारी स्तर से सचिव स्तर तक विभिन्न स्तरों एवं विभिन्न विभागों में त्वरित क्लीयरेन्स को सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु पूर्णतः प्रशिक्षित करने के लिए एसीएस राधा रतूड़ी के निर्देश पर 30 नवम्बर को विभिन्न विभागों के इन नोडल अधिकारियों हेतु एक इन्वेस्टमेंट ट्रैरकिंग पोटर्ल वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है।

एसीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले सभी एमओयू की शत प्रतिशत ग्राउडिंग की चुनौती का सामना सभी विभागों को कलेक्टिव ऑनरशिप के साथ करना होगा।अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु किए गए 500 करोड़ रूपये या उससे अधिक के 25 विभिन्न एमओयू की

- ■ प्रत्येक इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट के डेडिकेटेड फॉलोअप के लिए एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति
- ■ एमओयू होने के बाद से ग्राउडिंग के लिए एक-एक दिन बेहद मूल्यवान,
- ■ सरकारी कार्यशैली की जगह कॉरपोरेट कार्यशैली को अपनाते हुए ग्राउडिंग पर कार्य करें अधिकारी
- ■ विभाग आइसोलेशन में कार्य करने की कार्य संस्कृति समाप्त करें - राधा रतूड़ी , एसीएस
- ■ भीड़ वाले शहरों में ट्रेफिक की समस्या के स्थायी समाधान के लिए पब्लिक टांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करना आवश्यक
- ■ स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए एमओयू की प्रभावी ग्राउडिंग से उत्तराखण्ड राज्य मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित होगा



ग्राउण्डिग की समीक्षा की। उत्तराखण्ड सरकार एवं विभिन्न कम्पनियों के मध्य अभी तक 500 करोड़ या उससे अधिक के 25 एमओयू किये जा चुके हैं। अभी तक हुए कुल एमओयू में से 50 प्रतिशत से अधिक एमओयू पयर्टन के क्षेत्र में किये गए हैं, अतः एसीएस राधा रतूड़ी ने पर्यटन विभाग को सबसे अधिक सक्रियता के साथ प्रोजेक्ट्स की ग्राउडिंग पर कार्य करने की हिदायत दी है।

उन्होंने सभी विभागों को नसीहत दी है कि किसी भी प्रोजेक्ट्स पर एमओयू होने के बाद से ग्राउडिंग के लिए एक-एक दिन बेहद मूल्यवान हैं, इसलिए सभी सम्बन्धित अधिकारी सरकारी कार्यशैली की जगह कॉरपोरेट कार्यशैली को अपनाते हुए प्रोजेक्ट्स की ग्राउडिंग पर मिशन मोड पर कार्य करें। उन्होंने विभागों को एमओयू की शत प्रतिशत ग्राउडिंग के लिए अलग-अलग रहकर कार्य करने स्थान पर कलेक्टिव ऑनरशिप के साथ कार्य करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि विभागों को आइसोलेशन में कार्य करने की कार्य संस्कृति को समाप्त करना होगा। उन्होंने इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट्स की ग्राउडिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर फास्ट ट्रैक पर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। एसीएस राधा रतूड़ी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए एमओयू की प्रभावी ग्राउडिंग से उत्तराखण्ड को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने की संभावनाएं बढ़ेगी।

बैठक में अपर मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को पब्लिक ट्रांसपोर्ट व इलैक्ट्रिक बसों के क्षेत्र में रूचि दिखाने वाले निवेशकों को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा विशेषकर देहरादून जैसे भीड़ वाले शहरों में ट्रैफिक की समस्या के स्थायी समाधान के लिए पब्लिक टांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने परिवहन विभाग को राज्य के निवासियों एवं महिलाओं को ही ई रिक्शा के आवंटन की संभावनाओं के आंकलन के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डेय, अपर सचिव पूजा गर्ब्याल, रंजना राजगुरू, नितिका खण्डेलवाल एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पौड़ी में शिक्षकों ने धरना देकर किया प्रदर्शन

पौड़ी। यात्रावकाश बहाल करने, 5400 ग्रेड-पे शिक्षकों को राजपत्रित अधिकारी घोषित करने, पदोन्नति, वेतन विसंगति दूर करने सहित 35 सूत्रीय मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ ने अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल कार्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। आक्रोशित शिक्षकों ने कहा कि जल्द ही मांगों का समाधान नहीं होने पर संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। गुरुवार को मंडल मुख्यालय पौड़ी में राजकीय शिक्षक संघ ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर एडी कार्यालय के प्रांगण में धरना देकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार पर मांगों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। कहा कि बीते 4 अगस्त को संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षामंत्री व विभागीय अफसरों के साथ 35 सूत्रीय मांगों के निस्तारण को लेकर सहमति बनी थी। दो महीने बीतने के बाद एक भी मांग पर आज तक कोई विचार तक नहीं हो पाया। जिससे संगठन में आक्रोश बढ़ रहा है। मंडलीय अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल ने कहा कि 30 अक्तूबर को संघ एक बार फिर से विभागीय निदेशालय देहरादून में भी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगा। इस पर भी सरकार ने जल्द ही शिक्षकों पर मांगों पर कार्रवाई नहीं की तो आने वाले दिनों में आंदोलन को उग्र किया जाएगा। इस मौके पर संगठन मंत्री मक्खन लाल शाह, जिला संरक्षक जयदीप रावत, प्रकाश चौहान, नरेश कुमार, आलोक रौथाण, प्रदीप भंडारी, रविंद्र, बलराज सिंह गुसांई आदि शामिल रहे।

# चमोली जिले से अमृत कलश यात्रा रवाना

चमोली। चमोली से अमृत कलश यात्रा का कलश भव्य समारोह के साथ दिल्ली के लिए रवाना हो गया है। इस कलश में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, भारत चीन युद्ध , भारत पाकिस्तान युद्ध , कारगिल युद्ध में लड़े भारत के वीर बांकुरों, शहीदों के घर गांव की मिट्टी के अंश है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को जनपद चमोली से भव्य अमृत कलश यात्रा रथ को राज्य स्तर के लिए रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डा.एलएन मिश्र ने विकास भवन से भव्य और पवित्र कलश यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने कहा कि हमारे वीर शहीदों के सम्मान में पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश अभियान संचालित किया गया। अमर शहीदों की याद में सभी ग्राम पंचायत और निकायों में विशेष शिलालेखों की स्थापना भी की गई है। समस्त ग्राम पंचायत एवं निकायों से कलश में पवित्र मिट्टी और पौधों के साथ कलश यात्रा को रवाना किया गया है। कलश यात्रा को देश की राजधानी दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। देश के कोने-कोने से कलश में लाई गई। पवित्र मिट्टी और पौधों से देश की राजधानी दिल्ली में शहीदों की स्मृति में अमृत वाटिका बनाई जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी प्रतीक बनेगी।

# लापता युवक की तलाश में जुटी पुलिस

चमोली। 10 दिन से लापता यूपी के आगरा के युवा श्रेयस का कोई अता पता नहीं चल पाया है। उसकी तलाश में चमोली पुलिस , एसडीआरएफ का खोजबीन अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार युवक की तलाश के लिए अब देहरादून से डाग स्क्वायड टीम भी बुलाई गई है। पुलिस के अनुसार श्रेयस पुत्र भगवान दास मकान नम्बर 48/ 310 खतैना लोहा मंडी, आगरा 10 अक्तूबर को ग्वाड़ से रुद्रनाथ ट्रैक की ओर गया था।

# लापता युवती को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

पौड़ी। बीती 10 अक्तूबर से घर से बिना बताए गई युवती को सतपुली पुलिस ने बरामद कर लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने युवती को परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी सतपुली दीपक तिवाड़ी ने बताया कि इस संबंध में युवती के परिजनों ने राजस्व क्षेत्र में मुकदमा भी दर्ज करवाया था। जिसमें युवती के पिता ने कहा था कि उनकी 18 साल की बेटी को कोई भगा ले गया। जिस पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। यह जांच राजस्व से रेगुलर पुलिस को ट्रांसफर हुई। एसएसपी के निर्देशों पर एसआई प्रियंका नेगी को जांच सौंपी गई। पुलिस ने गुरुवार को युवती कालागढ़ निवासी एक लडक़े के साथ बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि दोनों ने शादी कर ली। युवती के परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है।

# चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

चमोली। थाना पुलिस थराली ने सुनला-थराली के पास चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी थराली देवेंद्र पंत ने बताया कि मंगलवार को वाहनों की चेकिंग के दौरान थराली के निकट सुनला के पास कार में दिग्विजय कुमार पुत्र धनी राम निवास परिनगर हाल तल्ली पनाई गौचर एवं बलदेव सिंह पुत्र दिनेश राम निवासी नागनाथ पोखरी हाल तल्ली पनाई, गौचर, जिला चमोली को 375 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव के द्वारा नशा मुक्त होगा चमोली हमारा अभियान के तहत अवैध नशे का क्रय-विक्रय करने वाले नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### डेंगू के मरीजों के फेफड़ों में भर रहा पानी

रुडक़ी। क्षेत्र में डेंगू और संदिग्ध बुखार का असर कम नहीं हो रहा है। वहीं, संदिग्ध बुखार के कारण लोगों की मौत का सिलसिला भी जारी है। डेंगू और संदिग्ध बुखार के लक्षण में ये भी सामने आ रहा है कि मरीजों के फेफड़ों में पानी भर जाने से दिक्कत बढ़ रही हैं। ऐसे कईं मरीज शहर के निजी चिकित्सालयों में भर्ती हैं। जिनमें डेंगू और टाइफाइड होने के बाद फेफड़े में पानी भर गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि लंबा इलाज चलने के कारण भी ऐसा हो सकता है। शहर के निजी अस्पतालों में यह शिकायत कई मरीजों में देखने को मिली है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह का कहना है कि संदिग्ध बुखार या किसी भी तरह की बीमारी होने पर प्रभावी विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लेकर उचित उपचार लिया जाना चाहिए।

### वाल्मीकि समाज के साथ की बैठक

पौड़ी। वाल्मीकि जयंती को लेकर सतपुली थाने में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। वाल्मीकि जयंती के संबंध में वाल्मीकि समाज के लोगों ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में थानाध्यक्ष दीपक तिवाड़ी ने सभी को आवश्यक दिशा-निर्देशों की भी जानकारी दी। थाना प्रभारी ने कहा कि इस दौरान कानून व्यवस्था बनाएं रखने में सभी सहयोग दें । बैठक में सुरेश कुमार, आकाश वेद, सुनील, संजीव आदि मौजूद रहे।

### विज्ञान नाटय में राइंका क्यार्क रहा अव्वल

पौड़ी। जीआईसी पौड़ी में ब्लॉकस्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन दिखाया। महोत्सव के तहत विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान नाटय आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सडक़ सुरक्षा, जल संरक्षण आदि विषयों पर शानदार मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता के तहत नाटय में राइंका क्यार्क ने पहला, राइंका पौड़ी ने दूसरा व एमआईसी ने तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान प्रदर्शनी के सीनियर में समाज के लिए विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मुख्य विषय के स्वास्थ्य उपविषय में साक्षी ने पहला, शिवानी ने दूसरा व प्रियांशु ने तीसरा स्थान पाया। पर्यावरण के लिए जीवनशैली उपविषय में अजय पहले, नितिन दूसरे व सौजन्या तीसरे, कृषि उपविषय में पीयूष पहले, रौनित शाह दूसरे अनुष्का तीसरे स्थान पर रहे। विज्ञान प्रदर्शनी के जूनियर वर्ग के समाज के लिए विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विषय के स्वास्थ्य उपविषय में आयुष पहले, मुस्कान दूसरे व आरुषि तीसरे स्थान पर रहे। पर्यावरण के लिए जीवनशैली उपविषय में अंशिका पहले, शिवानी दूसरे व प्रियंक तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में श्वेता विब्ष्ट रोतेला, सुभाषचंद्र, निशा चौधरी, लक्ष्मीचंद्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सभासद यशोदा नेगी, विशिष्ट अतिथि अर्जुन सिंह नेगी, ब्लाक कार्डिनेटर भूपेंद्र सिंह नेगी, आयोजक मोहन चंद्र घिल्डियाल ने किया।